हावड़ा में नकली जर्दा व तंबाकू फैक्ट्री का भंडाफोड़,145 किलो जर्दा जब्त

Publish Date:Mon, 12 Feb 2018 02:57 AM (IST)

जागरण संवाददाता, हावड़ा : हावड़ा में पुलिस ने नकली जर्दा बनाने के एक कारखाने का भंडाफोड़ किया है। रविवार की शाम को हुई छापामारी अभियान में भारी मात्रा में नकली जर्दा और नामी कंपनियों के तंबाकू उत्पाद जब्त किए गए। यहां तुलसी और तंबाकू उत्पाद बनाने वाली अन्य ब्रांडेड कंपनियों का हूबहू उत्पाद बनाया जाता था। पुलिस ने यहां फोटो इलेक्ट्रॉनिक ऑटोमेटिक पाउचिंग मशीन जब्त की है। 145 किलो जर्दा, नकली तुलसी का 455 से भी ज्यादा पाउच जब्त किया है।

मालीपांचघड़ा थाना के 132-1, धर्मतला लेन इलाके में एक बहुमंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर स्थित एक कमरे में छापामार नकली माल जब्त किए गए हैं। फिलहाल मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कुल जब्त माल की कीमत लाखों रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त इलाके में स्थित इमारत के ग्राउंड फ्लोर में एक कमरे में नकली जर्दा बनाने का कारखाना चल रहा था। सूत्रों के अनुसार महीनों से यहां तंबाकू उत्पादों का अवैध कारोबार फल-फूल रहा था। घटनास्थल से थोड़ी ही दूर पर मालीपांचघड़ा थाना स्थित है, बावजूद इसके धड़ल्ले से नकली जर्दा बनाने का कारोबार चल रहा था। स्थानीय जानकारी के अनुसार उक्त कमरे के दरवाजे और खिड़कियां हमेशा बंद रहती थीं। घर में आते-जाते कम ही लोगों को देखा जाता था। बताया जा रहा है कि नामी कंपनियों का जर्दा और अन्य तंबाकू उत्पादों को तैयार करने के बाद बाजार में आपूर्ति की जाती थी। इसकी भनक किसी को ना लगे, इसके लिए उक्त कमरे के आसपास एक विशेष प्रकार का रसायन का इस्तेमाल किया जाता था, ताकि जर्दे के सुगंध की बाहर किसी को नहीं मिले। हालांकि किसी तरह पुलिस को इसकी भनक लग गई। रविवार की शाम को पुलिस ने छापामार कर वहां से भारी मात्रा में नकली जर्दा व तंबाकू के उत्पादों को जब्त किया। मशीन भी जब्त किया गया गया है। फिलहाल मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार लगभग नौ माह से यहां उक्त कारोबार चल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार महेंद्र सिंह नामक एक शख्स ने उक्त मकान को किराए पर ले रखा था। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

Source: https://www.jagran.com/west-bengal/kolkata-fake-tobacco-seized-17503259.html